१. तुलसी - सुधा

I. प्रश्न उत्तर

प्र.१. तुलसीदास ने संत के क्या लक्षण बताया?

उ. तुलसीदास जी का कहना है कि विधाता ने चेतन प्राणियों और अचेतन पदार्थों से इस संसार की सृष्टि की । भलाई और बुराई सम्मिलित रुप से इस संसार में फैली हुईं । भलाई दूध के समान है और बुराई पानी के समान है । जिस प्रकार हंस दूध में मिले हुए पानी को छोड़कर दूध को ही पीता है, उसी प्रकार संत भी भलाई को स्वीकार करके बुराई को छोड देता है । यही संत का लक्षण है ।

तुलसीदास ने संत का एक और लक्षण बताते हुए कहा कि संत आम के पेड के समान है । आम के पेड को पत्थर मारने पर चोट खाकर भी वह पेड हमें मीठा फल देते हैं । अपकार के बदले वह उपकार ही करता है । उसी प्रकार संत को हानि पहुँचाने पर भी वह बदले में भलाई ही करता है ।

प्र. २ आम वृक्ष की क्या विशेषता है ?

(या)

तुलसीदास ने संत की तुलना आम के वृक्ष से क्यों की है ?

उ. तुलसी ने आम्र वृक्ष की यह विशेषता बताई है कि आम्र वृक्ष दूसरों के हित के लिए ही फूलता फलता है । वह अपना फल स्वयं नहीं खाता अपितु दूसरों को खाने को देता है । कुछ स्वार्थी लोगों द्वारा उस पर पत्थर फेंकने पर भी प्रत्युपकार के रुप में मीठे फल देता हैं । संत पुरुष भी ऐसे ही होते हैं ।

प्र.३. तुलसी ने अपने को चातक पक्षी क्यों माना है?

उ. तुलसीदास ने अपने को चातक पक्षी इसलिए माना है । क्योंकि चातक पक्षी काले बदलों से प्रेम करता है । वह उससे बरसने वाले स्वाति बूँदों को पीकर ही अपनी प्यास बुझाता है । वह उस पर ही अपनी आशा और विश्वास रखता है । उसी प्रकार तुलसीदास भी श्रीराम पर अनन्य भक्ति भावना रखते हैं वे अपने को चातक और श्रीराम को घनश्याम (बदल) मानते हैं। वे कहते हैं कि यदि उन्हें श्रीराम के दर्शन न हुए तो उनका जीवन व्यर्थ है । वे अपने को त्याग देंगे जिस प्रकार स्वाति बूँद की आशा में चातक पक्षी अपने प्राण त्याग देता है ।

I. शुध्द रुप कीजिए ।

१.	गुन	-	गुण	४.	बरि	-	वारि
२.	भुअंग	-	भुजंग	५.	बिष	-	विष
३.	बिश्वास	-	विश्वास				

II. विलोम शब्द लिखिए ।

१.	गुण	X	अवगुण	४.	गुरु	X	शिष्य
२.	संत	X	असंत	५.	आशा	X	निराशा
३.	जन्म	X	मृत्यु	६.	सज्जन	X	दुर्जन

III. पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

१.	चेतन	-	जीवित,	सजीव
२.	पय	-	दूध,	क्षीर
३.	तरु	-	वृक्ष,	पेड़
४.	भुअंग	-	सर्प,	साँप
५.	आस	-	इच्छा,	आशा

IV. वस्तुनिष्ठ प्रश्न

१. तुलसीदास किनके भक्त थे ?
उ. राम

२. तुलसीदास का जन्म कब हुआ ?
उ. १५३२ई. में ।

३. तुलसीदास की पत्नी का नाम क्या था ?
उ. रत्नावली

४. तुलसीदास के गुरु का नाम क्या था ?
उ. नरहरीदास

५. तुलसीदास ने लगभग कितने काव्य ग्रंथ लिखे ?
उ. एक दर्जन

६. तुलसीदास की काव्य भाषा क्या है ?
उ. ब्रज और अवधी

७. तुलसीदास का प्रसिध्द ग्रंथ का नाम क्या है ?
उ. रामचरितमानस

८. भगवान ने विश्व का निर्माण किस प्रकार किया ?
उ. जड़ और चेतन से ।

९. हंस क्या स्वीकार करता है ?
उ. दूध

१०. तुलसीदास ने संत की तुलना किस वृक्ष से की है?
उ. आम के वृक्ष से ।

११. संत किस के लिए जन्म लेते है ?
उ. परोपकार

१२. मुखिया को किसके समान रहना चाहिए ?
उ. मुख

१३. तुलसीदास ने नीच की तुलना किससे की है ?
उ. साँप

१४. साँप किस पेड़ पर रहता है ?
उ. चंदन के पेड़ पर ।

१५. तुलसीदास ने अपने आप को क्या माना है ?
उ. चातक पक्षी

१६. वृक्ष को हम किससे मारते है ?
उ. पत्थर से ।

१७. तुलसीदास की मृत्यु कब हुई ?
उ. १६२३ में ।

१८. पय शब्द का अर्थ क्या है ?
उ. पानी